AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

लविवि : बीएससी-एमएससी एजी की परीक्षाएं 19 मई से

परीक्षा कार्यक्रम न तय हो पाने से परेशान थे छात्र, अमर उजाला ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

माई सिटी रिपोर्टर

बीएससी-एमएससी कृषि की परीक्षा शिक्षकों के फेर में फंसी

अमर उजाला इंपैक्ट

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने लंबे समय से इंतजार कर रहे बीएससी एग्रीकल्चर, एमएससी एग्रीकल्चर पहले सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। बीएससी एजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 मई से और एमएससी एजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं प्रस्तावित की गई हैं। साथ ही शनिवार को कई कोर्सों की वार्षिक परीक्षाओं का भी परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों द्वारा शिक्षकों से संबंधित सूचनाएं न देने के कारण बीएससी एजी-एमएससी एजी की परीक्षाएं फंसी हुई थीं। एक तरफ तो विश्वविद्यालय की अन्य कोर्सों की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं समाप्त हो गई हैं वहीं इनका कार्यक्रम भी नहीं बन पाया था, जिससे विद्यार्थी काफी परेशान थे। अमर उजाला ने शनिवार के अंक में 'बीएससी-एमएससी कृषि की परीक्षा शिक्षकों के फेर में फंसी' शीर्षक से इसकी खबर प्रकाशित की, जिसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन में दिन भर में परीक्षाओं का कार्यक्रम तैयार करवाकर जारी कराया। विवि द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर पहले सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षाएं 19 मई से 2 जून तक व बीएससी एजी ऑनर्स पहले सेमेस्टर (ओल्ड कोर्स) की छूटे हुए छात्रों व बैक पेपर की परीक्षाएं 19 से 27 मई तक दोपहर 2 से 5 बजे तक प्रस्तावित की गई हैं, जबकि एमएससी एजी पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 20 मई से 25 मई तक प्रस्तावित की गई हैं।

वार्षिक परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी

विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को वार्षिक परीक्षाओं का भी कार्यक्रम जारी किया। इसके अनुसार बीए तृतीय वर्ष गणित को छोड़कर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 18 मई से 1 जुलाई तक सुबह 9 से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। बीए पहले सेमेस्टर गणित को छोड़कर (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 18 मई से 9 जून तक, बीकॉम तीसरे वर्ष (ओल्ड कोर्स) की परीक्षा 18 मई से 9 जून तक दोपहर 2 से 5 बजे तक, बीकॉम पहले सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से 30 मई तक आयोजित होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी पहले सेमेस्टर व बीए पहले सेमेस्टर मैथ की परीक्षा 18 मई से 8 जून तक, बीएससी थर्ड ईयर व बीए थर्ड ईयर मैथ ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से 24 जून तक आयोजित होंगी। वहीं बीएएमएस प्रथम व एमडी आयुर्वेद प्रथम वर्ष की परीक्षा 18 मई से 6 जून तक, बीयूएमएस की परीक्षाएं 19 मई से 2 जून तक आयोजित होंगी। एमडी-एमएस (यूनानी) की परीक्षा 19 से 25 मई तक आयोजित होंगी।

लविवि जल्द शुरू करेगा कंसल्टेंसी

बैठक करते कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय। -विज्ञप्ति

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन न्यू कैंपस स्थित संकायों में मूलभूत सुविधाओं में विस्तार करेगा। इस क्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस (आईएमएस) में नए बोर्ड रूम व वीडियो कॉन्फ्रेंस रूम की स्थापना की जाएगी। यहां की लाइब्रेरी का भी उच्चीकरण किया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक में किया।

न्यू कैंपस स्थित आईएमएस में बनेगा बोर्ड व कॉन्फ्रेंस रूम

इंजीनियरिंग संकाय की लैब को कंसलटेंसी योग्य बनाया जाएगा

सिविल इंजीनियरिंग की प्रयोगशाला को कंसल्टेंसी के लिए उपयुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों के साथ चर्चा की जाएगी। साथ ही संकाय द्वारा शुरू किए गए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पाठ्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से अपग्रेड किया जाएगा। इसके बाद प्रो. राय ने इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बन रही नई लैबों का निरीक्षण भी किया। जल्द ही छह लैब शुरू हो जाएंगी। बैठक व निरीक्षण में इंजीनियरिंग संकाय के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो. आरएस गुप्ता, आईएमएस की ओएसडी प्रो. विनीता काचर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन उपस्थित थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

लविवि : सहयुक्त कॉलेजों के शिक्षक भी कराएंगे पीएचडी

विश्वविद्यालय ने कॉलेजों से मांगी शिक्षकों से संबंधित सूचना, राजभवन को भेजा गया नया पीएचडी ऑर्डिनेंस

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि से संबद्ध पांच जिलों के शिक्षक भी अब पीएचडी करा सकेंगे। यूनिवर्सिटी ने कॉलेजों को पत्र भेजकर अर्ह शिक्षकों की सूचना मांगी है।

रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से लखनऊ समेत लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली के संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर कहा गया कि सत्र 2021-22 में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जानी है। इसके लिए अर्ह शिक्षकों की सूची व उनके विषय, सीटों का विवरण सात मई तक दें। इसे विवि की संबंधित विभाग की विभागीय शोध समिति में रखा जाएगा। संबंधित विभागाध्यक्षों से कहा है कि परीक्षण कर इन्हें उपलब्ध कराएं।

इस कवायद से संबद्ध 530 से अधिक कॉलेजों के असिस्टेंट व एसोसिएट शिक्षकों को पीएचडी कराने का अवसर मिलेगा। इसके लिए शिक्षक लंबे समय से संघर्षरत हैं। अनुमान के मुताबिक इससे 1500 से अधिक शिक्षक लाभान्वित होंगे। नियमतः असिस्टेंट को चार, एसोसिएट को छह सीटें आवंटित होती हैं। हालांकि, पहले साल ही विवि प्रशासन इतनी अधिक सीटों का आवंटन नहीं करेगा। वहीं, उन छात्रों को भी अवसर मिलेगा, जो सीटें न उपलब्ध होने के कारण पीएचडी करने से वंचित रह जाते थे। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विवि प्रशासन ने प्रवेश संबंधित कवायद शुरू कर दी है। राजभवन से जैसे ऑर्डिनेंस पास होकर आएगा, प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। उधर, लुआक्टा ने इसे शिक्षकों के संघर्ष की जीत बताया। इस पर खुशी जताई कि स्नातक में पढ़ाने वाले शिक्षक भी शोध पर्यवेक्षक बन सकेंगे।

विवि में भी मांगा सीटों का ब्योरा

सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने के क्रम में विवि प्रशासन ने अपने यहां भी विभागों से पीएचडी सीटों का ब्योरा मांगा है। रजिस्ट्रार ने सभी विभागाध्यक्षों को पत्र भेजकर कहा है कि डीआरसी से सीटों की संस्तुति कराकर 15 मई तक समन्वयक प्रवेश व उन्हें उपलब्ध कराएं।

छात्रों को किया प्रशिक्षित

लखनऊ। लखनऊ विवि के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शनिवार को वरिष्ठ कलाकार प्रो. पंकज पवार ने छात्रों को विभिन्न माध्यमों में कलाकृतियों के निर्माण की जानकारी दी। इस अवसर पर जामिया मिलिया इस्लामिया से प्रो. मामून नोमानी, प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार व अन्य शिक्षक थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 8

बीए, बीएससी और एमएससी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी

बीएससी (एग्री)परीक्षा 19, एमएससी की 20 से

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बंधित कृषि कॉलेजों में बीएससी और एमएससी की परीक्षाएं नहीं होने से परेशान छात्रों को विवि ने राहत दी है। शनिवार को बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चरण प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

कार्य परिषद की बैठक में निकला समाधान: विवि में स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 28 अप्रैल को खत्म हो चुकी हैं। पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई को खत्म हो जाएंगी। इन परीक्षाओं के साथ बीएससी एग्रीकल्चरल व एमएससी एग्रीकल्चर का परीक्षा कार्यक्रम आर्डिनेंस पास नहीं होने की वजह से जारी नहीं किया जा सका। इन पाठ्यक्रम में पढ़ने वाले छात्र परीक्षाएं नहीं होने से परेशान थे। आखिरकार हाल में सम्पन्न हुई कार्य परिषद की बैठक में कृषि कॉलेजों की तमाम समस्याओं का समाधान कर दिया गया। अब परीक्षा कार्यक्रम भी जारी हो गया है। इसके साथ ही ओल्ड पाठ्यक्रम के अन्तर्गत बीए, बीएससी, बीकॉम परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी, एमएससी एग्रीकल्चर का विस्तृत पाठ्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स सेमेस्टर एक, ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 19 मई से 27 मई तक दूसरी पाली में दोपहर दो से पांच तक होंगी। इसके साथ ही एमएससी हार्टिकल्चर सेमेस्टर एक, एमएससी एग्रीकल्चर, एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, सेमेस्टर एक, एमएससी एग्रीकल्चर केमेस्ट्री की परीक्षाएं 20 मई से शुरू होंगी और 25 मई तक होंगी। एमएससी की परीक्षाएं भी दोपहर दो से पांच की पाली में होंगी।

का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। परीक्षाएं 18 मई से शुरू होकर एक जुलाई तक होंगी। आपके अपने अखबर हिन्दुस्तान ने इस मामले को 26 अप्रैल के अंक में प्रमुखता से उजागर किया था।

i-NEXT PAGE 3

बीएड प्रवेश परीक्षा के लिए जिम्मेदारी तय

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (30 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2022 के लिए अपने से जुड़े चार अन्य जिलों में नोडल व उप नोडल कोआर्डिनेटर नामित कर दिए, इनमें कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह नोडल अधिकारी, चीफ प्राक्टर एवं समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर राकेश द्विवेदी नोडल कोआर्डिनेटर और भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ध्रुव सेन सिंह उप नोडल समन्वयक होंगे. महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के प्रिंसिपल डॉ. फैर्जुरहमान को भी टीम में शामिल किया गया है. इस बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली को मिली है. एग्जाम 6 जुलाई को होना है.

इन्हें भी दी गई जिम्मेदारी

- डॉ. राजीव द्विवेदी- उप नोडल समन्वयक, दीन दयाल उपाध्याय पीजी कालेज सीतापुर.
- डॉ. एनएल वर्मा- उप नोडल समन्वयक, युवराज दत्त पीजी कालेज लखीमपुर.
- डॉ. निखिलेश सरन- उप नोडल समन्वयक, महाराणा प्रताप पीजी कालेज हरदोई.
- डॉ. अरविंद सिंह- उप नोडल समन्वयक, एफजी पीजी कालेज रायबरेली.
- डॉ. रविंद कुमार सिंह- प्रिंसिपल, पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सीतापुर.
- डॉ. नेत्रपाल सिंह- प्रिंसिपल, महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई.
- डॉ. हेमंत कुमार पाल- प्रिंसिपल, युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी.
- डॉ. सुषमा देवी- प्रिंसिपल, राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कला एवं शिल्प महाविद्यालय में शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन

स्वतंत्रभारत संवाददाता लखनऊ। कला एवं शिल्प महाविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों की श्रृंखला में महत्वपूर्ण शैक्षणिक व्याख्यान का आयोजन आज महाविद्यालय के हल्दार भवन में किया गया। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में कला भवन, शान्तिनिकेतन के प्रधानाचार्य प्रो. पंकज पंवार जी तथा अन्य विद्वानों में जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के कला शिक्षा विभाग के डॉ. मनून नुमानी , कला एवं शिल्प महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार व चित्रकला विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव किशोर गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की योजना निर्माण से लेकर उसे सुन्दर रूप प्रदान करने तक का कार्य डॉ. विभावरी सिंह ने किया जिसमें दिनेश कुमार ने संयोजक के तौर पर अपना योगदान दिया। प्रो. पंकज पंवार ने अपनी कला यात्रा का प्रारम्भ लखनऊ कला महाविद्यालय के प्रांगण से किया था और वर्तमान में वह कला भवन, शान्तिनिकेतन के प्रधानाचार्य के रूप में कार्य कर रहे हैं। कला क्षेत्र से जुड़े कई प्रमुख भारतीय तथा विदेशी सम्मानों को प्राप्त कर इन्होंने कला महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। कार्यक्रम के दौरान अपनी महत्वपूर्ण कलाकृतियों के माध्यम से प्रो. पंकज ने दर्शकों से संवाद स्थापित किया और कला क्षेत्र में कर रहे अपने नवीनतम प्रयोगों के विषय में बताया। प्रधानाचार्य डॉ. आलोक कुमार ने इस अवसर पर शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण घोषणा की जिसमें उन्होंने बताया कि लखनऊ कला महाविद्यालय शान्ति निकेतन के कला भवन के साथ रूह का प्रारम्भ करने जा रहा है जिससे दोनों संस्थानों के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर अध्ययन तथा अध्यापन सम्बन्धित गतिविधियों को भी सम्पादित किया जायेगा। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. संजीव किशोर गौतम ने सभी लोगो का धन्यवाद दिया।

FIRST INDIA PAGE 13

Alok Kumar Rai during the evaluation

STEPPING UP!

CITY FIRST

Prof. Alok Kumar Rai, the Vice-Chancellor of Lucknow University, evaluated the infrastructural facilities of the Institute of Engineering and Management (IMS) on the University's second campus on Saturday.

Prof RS Gupta, Professor in Charge of Engineering Faculty, OSD Institute of Business Management Prof Vinita Kachhar, Dean Student Welfare Prof Poonam Tandon, and other instructors were in attendance at this meeting.

Prof Rai provided orders for the new session to develop and strengthen the admissions and infrastructural facilities. Prof Poonam Tandon, Dean of Student Welfare, said that the following choices have been made to improve the educational facilities on campus:

1. Board room with a new video conferencing setup will be set up at IMS.
2. The library of IMS will be upgraded.
3. The new artificial Intelligence course introduced in the Faculty of Engineering will be upgraded in a planned manner.
4. Discussions were held with experts to make the civil engineering laboratory suitable for consultancy and accordingly changes will be made in the lab soon.

Apart from this, the Rai also inspected the new labs being built in the Institute of Pharmaceutical Sciences and it was agreed to inaugurate these six labs soon.

पीएचडी स्टूडेंट्स की समस्या हल करेगी कमेटी

एलयू वीसी ने सात सदस्यीय कमेटी का किया गठन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (30 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस सहित अन्य विभागों में पीएचडी कोर्स के रिसर्च स्कॉलर की समस्याएं जल्द दूर होने की उम्मीद है. काफी समय से वह फीस जमा करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर विभाग और यूनिवर्सिटी के चक्कर लगा रहे थे. अब मामले के निस्तारण के लिए वीसी के निर्देश पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सात सदस्यीय कमेटी बना दी गई है. इसमें डीन लॉ, डीन एजुकेशन, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर, डीन रिसर्च, डीन एकेडमिक, एचओडी व्यापार प्रशासन और सहायक कुलसचिव (रिसर्च) को शामिल हैं. कमेटी को तीन दिन में यूजीसी अध्यादेश-2009 के आधार पर रिसर्च स्कॉलर के फीस रसीद डॉक्यूमेंट, समय विस्तार, डिग्री आदि की समस्याओं का निस्तारण कर तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देनी होगी.

AMRIT VICHAR PAGE 3

नोडल व उप नोडल कोआर्डिनेटर नियुक्त

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2022 के लिए संबद्ध चार अन्य जिलों में नोडल व उप नोडल कोआर्डिनेटर नामित कर दिए हैं। इनमें कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार को नोडल अधिकारी, चीफ प्रॉक्टर एवं समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर राकेश द्विवेदी नोडल कोआर्डिनेटर और भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ध्रुव सेन सह उप नोडल समन्वयक होंगे।

महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के प्राचार्य डा. फैर्जुरहमान भी टीम में शामिल किए गए हैं। इस बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड यूनिवर्सिटी बरेली को मिली है। छह जुलाई को होने इस प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी, नोडल व उप नोडल समन्वयक बना दिए गए हैं।

इन्हें भी दी गई जिम्मेदारी

- डॉ. राजीव द्विवेदी : उप नोडल समन्वयक, दीन दयाल उपाध्याय पीजी कालेज सीतापुर
- डॉ. एनएल वर्मा : उप नोडल समन्वयक- युवराज दत पीजी कालेज लखीमपुर
- डॉ. निखिलेश सरन : उप नोडल समन्वयक- महाराणा प्रताप पीजी कालेज हरदोई
- डॉ. अरविंद सिंह : उप नोडल समन्वयक- एफजी पीजी कालेज रायबरेली
- डॉ. रविन्द्र कुमार सिंह : प्राचार्य-पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सीतापुर
- डॉ. नेत्रपाल सिंह प्राचार्य : महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई
- डॉ. हेमंत कुमार पाल : प्राचार्य- युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी
- डॉ. सुषमा देवी : प्राचार्य- राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली

JAGRAN CITY PAGE III

मांगे पीएचडी के लिए अर्ह शिक्षकों के नाम व सीटें

जासं, लखनऊ : स्नातक कालेजों के शिक्षकों को पीएचडी कराए जाने के अध्यादेश को जल्द ही मंजूरी मिल सकती है। ऐसे में लखनऊ विश्वविद्यालय ने शैक्षिक सत्र 2021-22 के पीएचडी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, लखीमपुर खीरी व सीतापुर के राजकीय व अनुदानित कालेजों के प्राचार्यों को पत्र भेजकर पीएचडी के लिए कालेज का नाम, अर्ह शिक्षकों की सूची, उनके विषयवार, विभागवार सीटों का विवरण सात मई तक भेजने के लिए कहा है।

लवि ने डिग्री कालेजों के शिक्षकों को भी पीएचडी कराने का अवसर देने के लिए पीएचडी अध्यादेश 2020 (संशोधित दिसंबर 2021) को अनुमोदन के लिए राजभवन भेज दिया था। वहां से जल्द मंजूरी की उम्मीद है। इस व्यवस्था से अब डिग्री कालेज के अर्ह असिस्टेंट व एसोसिएट प्रोफेसरों को भी पीएचडी कराने का मौका मिलेगा। हालांकि किसे कितनी सीटें मिलेंगी, यह विश्वविद्यालय के विभाग डीआरसी के माध्यम से ही तय करेंगे। फिलहाल सत्र 2021-22 की पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विश्वविद्यालय ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

कमेटी करेगी पीएचडी छात्रों की समस्याओं का निस्तारण

लखनऊ विश्वविद्यालय में विज्ञान संकाय के विभिन्न विभागों में पीएचडी पाठ्यक्रम के शोधार्थियों की समस्याएं दूर होने की उम्मीद है। वह शुल्क जमा करने सहित अन्य समस्याओं को लेकर चक्कर लगा रहे थे। अब मामले के निस्तारण के लिए कुलपति के निर्देश पर कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने सात सदस्यीय कमेटी बना दी गई है। इसमें अधिष्ठाता विधि संकाय, अधिष्ठाता शिक्षा शास्त्र, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता शोध, अधिष्ठाता एकेडमिक, विभागाध्यक्ष व्यापार प्रशासन और सहायक कुलसचिव (शोध) शामिल हैं। कमेटी को तीन दिन में यूजीसी अध्यादेश-2009 के आधार पर शोधार्थियों के शुल्क जमा प्रपत्र, समय विस्तार, उपाधि आदि की समस्याओं का निस्तारण कर तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देनी होगी। गौरतलब है कि विज्ञान विभाग के बहुत से शोधार्थी थीसिस, शुल्क जमा न होने सहित कई समस्याओं से परेशान हैं। इसको लेकर उन्होंने कुलपति से भी शिकायत की थी।

> पीएचडी का संशोधित अध्यादेश राजभवन से जल्द आने की उम्मीद है। उसी आधार पर प्रवेश प्रक्रिया की तैयारी शुरू कर दी है। जैसे ही वहां से आदेश आता है, हम आवेदन शुरू कर देंगे।
>
> **प्रो. आलोक कुमार राय**, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

बीए-बीएससी, बीकॉम ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 18 से

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर सिस्टम के अन्तर्गत स्नातक के सभी पाठ्यकमों की परीक्षा पूरी हो चुकी है। वीए, वीएससी, वीकॉम पुराने पाठ्यक्रम का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। परीक्षाएं 18 मई से शुरू होकर एक जुलाई तक होंगी। वीए सेमेस्टर एक ओल्ड कोर्स (एक्सेप्ट मैथमेटिक्स) की परीक्षा 18 मई से 9 जून तक होंगी। सुवह सुवह नौ से 12 वजे की पाली में होंगी। वीए तृतीय वर्षीय ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से एक जुलाई तक सुवह की पाली में होगी। वीकॉम ओल्ड कोर्स सेमेस्टर एक की परीक्षा 18 मई से 30 मई तक दोपहर दो से पांच की पाली में, वीकॉम तृतीय वर्षीय ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से नौ जून, दोपहर दो से पांच की पाली में होगी। इसी क्रम में वीएससी सेमेस्टर एक और वीए सेमेस्टर एक (मैथमेटिक्स) ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से 8 जून तक, वीएससी तृतीय वर्षीय, वीए तृतीय वर्षीय (मैथमेटिक्स), ओल्ड कोर्स की परीक्षा 18 मई से 24 जून तक होगी।

बीए, बीएससी व एमएससी की रुकी परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने वीएससी और एमएससी एग्रीकल्चरण प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं पांच मई को खत्म हो जाएंगी। ओल्ड पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वीए, वीएससी, वीकॉम का परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। परीक्षाएं 18 मई से शुरू होकर एक जुलाई तक होंगी।

बीएससी (एग्री) की 19, एमएससी की 20 से परीक्षा : परीक्षा नियंत्रक प्रो. विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि वीएससी, एमएससी एग्रीकल्चर लविवि की वेवसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। वीएससी एग्रीकल्चर आनर्स सेमेस्टर एक, ओल्ड कोर्स की परीक्षाएं 19 मई से 27 मई तक दूसरी पाली में दोपहर दो से पांच तक होंगी। इसके साथ ही एमएससी हार्टिकल्चर सेमेस्टर एक, एमएससी एग्रीकल्चर, सेमेस्टर एक, एमएससी एग्रीकल्चर केमेस्ट्री की परीक्षाएं 20 मई से शुरू होंगी और 25 मई तक होंगी।

MISSION SHAKTI: WOMEN'S SAFETY

CITY FIRST

During the inauguration ceremony

The Government of Uttar Pradesh's Mission Shakti programme was held in its fourth phase at the University of Lucknow's Department of Geology, under the patronage of Vice-Chancellor Prof Alok Kumar Rai. Professor Madhurima Lal, convenor of the Mission Shakti programme at Lucknow University's Department of Geology, organised the event with the support and participation of Prof. Ajai Mishra, Head of the Department. Dr Purnima Srivastava of the Department of Geology organised and directed the event.

The topic for this year's event, "Women's Safety: Modern Day Challenges," was timely, and the keynote speaker, Shweta Srivastava, ADCP, Police Commissionerate Gomti Nagar, exceeded expectations.

The second guest speaker Ms Kulsum Talha, senior journalist and broadcaster, spoke about the importance of gender sensitization and the important role of the 3 P's: Parenting, Police and Press.

The third guest speaker Sarita Nirjhara, founder, of Manthan Foundation and social entrepreneur, highlighted the role of males in providing a safe environment women for to unlock their truest potential.

The audience interacted freely with the speakers, asked questions and participated with delight and inquisitiveness. Faculty members from the department of geology as well as other departments were also in attendance.

During the session

प्रो. राकेश द्विवेदी बने बीएड प्रवेश परीक्षा के नोडल समन्वयक

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा-2022 के लिए अपने से जुड़े चार अन्य जिलों में नोडल व उप नोडल कोआर्डिनेटर नामित कर दिए हैं। इनमें कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह नोडल अधिकारी, चीफ प्राक्टर एवं समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर राकेश द्विवेदी नोडल कोआर्डिनेटर और भूगर्भ विज्ञान विभाग के प्रोफेसर ध्रुव सेन सिंह उप नोडल समन्वयक होंगे। महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ के प्राचार्य डा. फैर्जुरहमान को भी टीम में शामिल किया गया है।

इस बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराने की जिम्मेदारी महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को मिली है। छह जुलाई को होने वाली इस प्रवेश परीक्षा के लिए नोडल अधिकारी, नोडल व उप नोडल समन्वयक बना दिए गए हैं।

इन्हें भी दी गई जिम्मेदारी : डा. राजीव द्विवेदी-उप नोडल समन्वयक, दीन दयाल उपाध्याय पीजी कालेज सीतापुर, डा. एनएल वर्मा-उप नोडल समन्वयक-युवराज दत्त पीजी कालेज लखीमपुर, डा. निखिलेश सरन उप नोडल समन्वयक-महाराणा प्रताप पीजी कालेज हरदोई, डा. अरविंद सिंह-उप नोडल समन्वयक-एफजी पीजी कालेज रायबरेली, डा. रविंद्र कुमार सिंह-प्राचार्य-पं. दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय सीतापुर, डा. नेत्रपाल सिंह प्राचार्य-महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदोई, डा. हेमंत कुमार पाल प्राचार्य-युवराज दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय लखीमपुर खीरी, डा. सुषमा देवी प्राचार्य-राजकीय महिला महाविद्यालय रायबरेली।

विवक न्यूज

कुलपति ने नए सत्र के प्रवेश व अवस्थापना सुविधाओं के सुधार, और सुदृढ किये जाने के निर्देश दिए

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। इस बैठक में अभियांत्रिकी संकाय के प्रोफेसर इंचार्ज प्रो आरएस गुप्ता, गृहक व्यापार प्रबंधन संस्थान प्रो विनीता काचर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे। प्रो राय ने नए सत्र के प्रवेश व अवस्थापना सुविधाओं के सुधार एवं और सुदृढ किये जाने के निर्देश दिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि परिसर मे शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ करने के क्रम में निम्न निर्णय लिए गए हैं : आईएमएस में नया विडीओ कॉन्फ्रेंसिंग सेटअप के साथ बोर्ड रूम की स्थापना की जाएगी। आईएमएस की लाइब्रेरी का उच्चीकरण किया जाएगा। 3. अभियांत्रिकी संकाय में शुरू किए गए नए Artificial Intelligence पाठ्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से अपग्रेड किया जाएगा। सिविल इंजिनीरिंग की प्रयोगशाला को कंसलटेंसी के लिए उपयुक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों के साथ विमर्श किया गया और इसके अनुसार लैब में जल्द ही परिवर्तन किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त मानयीय कुलपति ने इंस्टिट्यूट ऑफ फ़ार्मसूटिकल साइन्सेज़ में बन रही नई लैबों का निरीक्षण भी किया और इन छः लैबों का शीघ्र ही उद्घाटन करने पर सहमति बनी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के सुविधाओं की समीक्षा की

टू टाइम्स संवाददाता

इस बैठक में अभियांत्रिकी संकाय के प्रोफ़सर इंचार्ज प्रो आर.एस. गुप्ता, OSD व्यापार प्रबंधन संस्थान प्रो विनीता काचर, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन तथा अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

प्रो राय ने नए सत्र के प्रवेश व अवस्थापना सुविधाओं के सुधार एवं और सुदृढ किये जाने के निर्देश दिए। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि परिसर मे शैक्षणिक सुविधाओं को सुदृढ करने के क्रम में निम्न निर्णय लिए गए हैं :

1. IMS में नया विडीओ कॉन्फ्रेन्सिंग सेटअप के साथ बोर्ड रूम की स्थापना की जाएगी।
2. IMS की लाइब्रेरी का उच्चीकरण किया जाएगा।
3. अभियांत्रिकी संकाय में शुरू किए गए नए Artificial Intelligence पाठ्यक्रम को योजनाबद्ध तरीके से अपग्रेड किया जाएगा।
4. सिविल इंजिनीरिंग की प्रयोगशाला को कंसलटेंसी के लिए उपयुक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों के साथ विमर्श किया गया और इसके अनुसार लैब में जल्द ही परिवर्तन किए जाएँगे।

इसके अतिरिक्त कुलपति ने इंस्टिट्यूट ऑफ़ फ़ार्मसूटिकल साइन्सेज़ में बन रही नई लैबों का निरीक्षण भी किया और इन छः लैबों का शीघ्र ही उद्घाटन करने पर सहमति बनी।

डॉ. बी.आर. अम्बेडकर गर्ल्स हॉस्टल, न्यू कैंपस लखनऊ विश्वविद्यालय